प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक : 14 जनवरी, 2025 :-

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री श्री जुएल ओराम ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर माननीय मंत्री ने राज्यपाल महोदय को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं। राज्यपाल महोदय ने भी उन्हें नूतन वर्ष एवं मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दीं।

वार्ता के क्रम में जनजातीय समाज के उत्थान व विकास हेतु केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं राज्य में उनके प्रभावी कार्यान्वयन के संदर्भ में चर्चा हुई।